


## खबरों में रहे स्टॉक


### हैपी फोर्जिंग्स




ब्रेक फ्लैंज की आपूर्ति के लिए 500 करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय ठेका मिला

₹ 904.6 पिछला बंद भाव
₹ 942.5 आज का बंद भाव
4.2 % ▲


### उगरो कैपिटल




वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में एयूएम पिछले साल की तुलना में 48 प्रतिशत बढ़ा

₹ 256.9 पिछला बंद भाव
₹ 264.4 आज का बंद भाव
2.9 % ▲


### सोम डिस्टिलरीज ऐंड ब्रुअरीज




भोपाल कैनिंग सुविधा में रैपअराउंड पैकेजिंग उपकरण चालू

₹ 298.2 पिछला बंद भाव
₹ 307.8 आज का बंद भाव
3.2 % ▲


### एबीबी इंडिया




सतत औद्योगिक विकास के लिए दो ऊर्जा कुशल मोटर रेंज की शुरुआत

₹ 6,560.0 पिछला बंद भाव
₹ 6,647.2 आज का बंद भाव
1.3 % ▲

### कैपलिन पॉइंट लैबोरेटरीज




यूएसएफडीए से एएनडीए ओफ्लॉक्सासिन ऑप्थेलमिक सॉल्यूशन के लिए अंतिम मंजूरी

₹ 1,297.1 पिछला बंद भाव
₹ 1,316.8 आज का बंद भाव
1.5 % ▲

## संक्षेप में

### जोमैटो : बड़े ऑर्डर के लिए बनाया अलग दस्ता

खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े ऑर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्य अधिकारी दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा, 'आज हम भारत का पहला बड़ा ऑर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित हैं। यह दस्ता सामूहिक बड़े समूह, पार्टी एवं आयोजन जैसे आपके सभी बड़े ऑर्डर को आसानी से संभाल पाएगा। पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों पर आधारित यह दस्ता 50 लोगों तक के लिए ऑर्डर पहुंचाने के लिए बनाया गया है।' *भाषा*

### फ्लिपकार्ट की 'कूलिंग' बिक्री 17 अप्रैल से

ऑनलाइन बिक्री मंच फ्लिपकार्ट 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 'कूलिंग' उपकरणों पर वार्षिक ग्रीष्मकालीन बिक्री आयोजित करेगा। इसमें एयर कंडीशनर (एसी), रेफ्रिजरेटर, एयर कूलर, पंखे जैसे घरेलू उपकरण किफायती दामों पर बेचे जाएंगे। फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ई-वाणिज्य मंच 'सुपर कूलिंग डेज 2024' का छठा संस्करण ला रहा है। इसमें ग्राहकों को गर्मी से राहत देने के लिए घरेलू उपकरणों को किफायती दामों में बेचा जाएगा। बिक्री को बढ़ावा देने के लिए भुगतान के भी विभिन्न विकल्प पेश किए जाएंगे। *भाषा*

# राजस्थान को भी भा रही टेस्ला की सवारी

## गुजरात और महाराष्ट्र के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए राजस्थान ने भी टेस्ला को आकर्षित करने के लिए बड़े भूखंड, सस्ते श्रम की पेशकश की है

श्रेया जय
भिवाड़ी/जयपुर, 16 अप्रैल

अमेरिका की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माता टेस्ला भारत में प्रवेश करने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर रही है और गुजरात, तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र के साथ राजस्थान भी उसकी शॉर्टलिस्ट में शामिल हो गया है। इस घटनाक्रम से अवगत अधिकारियों ने बताया कि टेस्ला के वरिष्ठ अधिकारियों और राजस्थान सरकार के बीच पिछले सप्ताह शुरुआती बैठक हुई जिसे सफल माना गया था।

अगले कदम के तौर पर, टेस्ला एक सर्वे कराएगी और जल्द ही राज्य के निवेश संवर्द्धन विभाग के साथ इसका विवरण साझा किए जाने की संभावना है। राजस्थान ने ईवी निर्माता को कुछ चिह्नित भूमि की जानकारी पहले ही भेज दी है।

माना जा रहा है कि निवेश संवर्धन ब्यूरो ने टेस्ला को स्थान के रूप में भिवाड़ी औद्योगिक शहर का सुझाव दिया है। एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने के अनुरोध पर कहा, 'भिवाड़ी में और उसके आसपास कई औद्योगिक क्षेत्रों के संदर्भ में, हमारा मानना है कि सालारपुर या खुशखेड़ा इंड स्ट्रियल एरिया कंपनी की जरूरत के लिहाज से ज्यादा उपयुक्त होंगे। ये क्षेत्र ऑटो हब बनाए जाने के मकसद से विकसित किए गए थे और वहां वाहन कंपनियों, एंसिलियरी उद्योग की उपस्थिति है। ये क्षेत्र दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे से भी जुड़े हुए हैं।' ये दो क्षेत्र राजस्थान स्टेट इंड स्ट्रियल डेवलपमेंट ऐंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरआई आईसीओ) के औद्योगिक इलाके के आगामी फेज-2 का हिस्सा हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, निवेश संवर्धन ब्यूरो इस सौदे में गहरी दिलचस्पी दिखा रहा है और कई तरह की पेशकशें कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा, 'सामान्य तौर पर इन क्षेत्रों में भूमि ई-नीलामी के जरिये दी जाती है। लेकिन यदि बड़े आकार की कोई निवेश परियोजना हो तो हम सीधे तौर पर भूमि दे सकते हैं।'

खबर है कि अमेरिका से टेस्ला की एक टीम भारत में कंपनी के 2-3 अरब डॉलर के इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र के लिए संभावित स्थानों की तलाश कर रही है।




ऐसा माना जा रहा है कि निवेश संवर्धन ब्यूरो ने टेस्ला को स्थान के रूप में भिवाड़ी औद्योगिक शहर का सुझाव दिया है

## 8 भारतीय कंपनियां पहले से कर रहीं टेस्ला को आपूर्ति

शाइन जैकब और सोहिनी दास
चेन्नई/मुंबई, 16 अप्रैल

टेस्ला कारों में अब बड़ी संख्या में भारत में बने पुर्जों का इस्तेमाल किया जा रहा है। देश में संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लेने से काफी पहले ईलॉन मस्क द्वारा संचालित कंपनी के लिए भारत आयात का पसंदीदा देश था।

ब्लूमबर्ग सप्लायर के आंकड़ों के अनुसार कम से कम आठ भारतीय आपूर्तिकर्ता पहले से ही अमेरिका इस इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज के साथ काम कर रहे हैं। माना जाता है कि यह वैश्विक दिग्गज भारत से एक से दो अरब डॉलर मूल्य के वाहन पुर्जे ले रही है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले साल सितंबर में कहा था कि टेस्ला ने साल 2022 में भारत से लगभग एक अरब डॉलर के वाहन पुर्जे खरीदे और साल 2023 में पुर्जा खरीद दोगुनी करने की योजना है।

ब्लूमबर्ग सप्लायर की सूची के अनुसार कंपनी की पांच से छह वाहन पुर्जा आपूर्तिकर्ता हैं, जिनमें संवर्धन मदरसन इंटरनैशनल, सुप्रजीत इंजीनियरिंग, सोना बीएलडब्ल्यू, प्रिसिजन फोर्जिंग्स, वैरोक इंजीनियरिंग और बॉश लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा हिंडाल्को इंडस्ट्रीज (धातु और खनन के लिए), गुडलक इंडिया (इस्पात के लिए) और वैलिएंट कम्युनिकेशन (प्रौद्योगिकी हार्डवेयर के लिए) भी टेस्ला के वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं।

ऐसी अन्य आपूर्तिकर्ता भी हैं, जो ब्लूमबर्ग की सूची में शामिल नहीं हैं। इनमें वे समूह भी शामिल हैं, जिनके साथ टेस्ला भारत में अपने प्रवेश से पहले ही बातचीत कर रही है। हालांकि बिजनेस स्टैंडर्ड ने इन सभी कंपनियों से संपर्क किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक इनमें से किसी ने भी सवालों का जवाब नहीं दिया। टेस्ला को भेजे गए ईमेल का भी खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया।

ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के महानिदेशक विन्नी मेहता ने कहा 'जो कोई भी आपूर्ति कर रहा है, उसके साथ नॉन-डिस्क्लोजर समझौता है। एसीएमए के नजरिये से हम मौजूदा ओईएम की तरफ से देश में आने वाले किसी भी नए निवेश का स्वागत करते हैं। केंद्र सरकार अपनी नई नीति में स्थानीयकरण के संबंध में मार्गदर्शन कर रही है।'

जिन कंपनियों का उल्लेख किया गया है, उनमें से एक कंपनी के सूत्र ने कहा 'भारत में आने वाला कोई भी ग्राहक सभी वाहन कंपनियों के आपूर्तिकर्ताओं के लिए अच्छी बात है। इसके अलावा और ज्यादा नौकरियां भी पैदा होंगी।' हालांकि सूत्र ने यह खुलासा नहीं किया कि वे टेस्ला को आपूर्ति करते हैं या नहीं।

# बाबा रामदेव, बालकृष्ण पर संकट बरकरार

भाविनी मिश्रा
नई दिल्ली, 16 अप्रैल

सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह इस बात पर विचार करेगा कि एलोपैथी के बारे में गुमराह करने वाले विज्ञापन के लिए पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक बाबा रामदेव और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण की माफी को स्वीकार किया जाए या नहीं। अदालत ने उन्हें सार्वजनिक बयान देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।

न्यायालय ने कहा, 'हम यह नहीं कह रहे हैं कि आपको माफ कर देंगे। हम आपके पुराने इतिहास की अनदेखी नहीं कर सकते। हम आपकी माफी पर विचार-विमर्श करेंगे।' पीठ ने मंगलवार को बाबा रामदेव और बालकृष्ण, दोनों के संबंध में ये बातें कहीं। अदालत के आदेश के अनुसार, मंगलवार को बाबा रामदेव और बालकृष्ण, दोनों ही उपस्थित हुए। दोनों ने अदालत से माफी मांगी, लेकिन न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह के पीठ ने कहा कि वे अभी तक आश्वस्त नहीं हैं। कोहली ने कहा, 'आप इतने भोले नहीं हैं कि कोर्ट में जो कुछ चल रहा है, उससे आप अनजान थे।' पतंजलि के वकील मुकुल रोहतगी द्वारा हलफनामा पेश किए जाने के बाद न्यायालय ने कहा कि यह मामला 23 अप्रैल को फिर से सुना जाएगा। रोहतगी ने कहा कि वे कुछ कदम उठाएंगे।

अदालत के आदेश में कहा गया, 'प्रस्तावित अवमाननाकर्ता (रामदेव और बालकृष्ण) अपनी पहल पर और एकतरफा कुछ कदम उठाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने इसके लिए एक सप्ताह का समय दिए जाने का अनुरोध किया है।'

## टीसीएस के पास सबसे बड़ा और सर्वाधिक एआई-सक्षम कर्मी

शिवानी शिंदे
मुंबई, 17 अप्रैल

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी के कृत्तिवासन ने नई तकनीकों को सीखने और अपना कौशल विकास करने में कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि उनके इन प्रयासों से टीसीएस दुनिया में सबसे बड़े एआई-सक्षम कार्यबलों में से एक बन गई है।

वित्त वर्ष 2024 के आखिर में कर्मचारियों को लिखे ईमेल में कृत्तिवासन ने लिखा 'इस मोर्चे पर सीखने और स्वयं का कौशल विकसित करने के आपके प्रयासों ने टीसीएस को दुनिया में सबसे बड़े और सर्वाधिक एआई-सक्षम कार्यबलों में से एक बना दिया है। यह टीसीएस में हमारे पास मौजूद इंजीनियरिंग की संस्कृति के लिए, एक और सम्मान है तथा मैं इसे और मजबूत होते देखने के लिए उत्सुक हूं।' बिजनेस स्टैंडर्ड ने भी यह ईमेल देखा है।

कंपनी के पास अब तक 3,00,000 ऐसे कर्मचारी हो गए हैं जो बुनियादी एआई कौशल में प्रशिक्षित हैं और उसकी योजना प्रत्येक कर्मचारी को प्रशिक्षित करने की है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में कंपनी को मिली सफलताओं और पहलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा 'हम वर्तमान में अपने ग्राहकों के साथ जेनएआई में 200 से अधिक अनुबंधों पर काम कर रहे हैं और सभी उद्योगों में भविष्य में काम के आशाजनक प्रवाह की उम्मीद कर रहे हैं।'

कृत्तिवासन ने यह भी कहा कि टीसीएस के 200 से ज्यादा कार्यक्रमों की श्रृंखला के जरिये कंपनी कंपनी ने अपने 11,000 से अधिक ग्राहकों के साथ अपनी साझेदारी को और बढ़ाया तथा इस संबंध में चर्चा की कि एआई पर किसा तरह सहयोगी के रूप में काम कर सकते हैं। इन कार्यक्रमों में टीसीएस शिखर सम्मेलन, हालिया विश्व आर्थिक मंच और ग्राहकों की कई सभाएं भी शामिल रहीं। कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के नतीजों के संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि उसने अपनी एआई और जेनएआई सौदों के प्रस्तावों को दोगुना कर 90 करोड़ डॉलर कर दिया है।

**बोकारो पावर सप्लाई कं. (प्रा.) लि.**
(सेल एवं डीवीसी का एक संयुक्त उपक्रम)
हॉल सं.: एम-01, ओल्ड एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, इस्पात भवन, बोकारो स्टील सिटी-827001 (झारखण्ड) CIN: U40300DL2001PTC112074

**निविदा आमंत्रण सूचना**

संदर्भ सं. : बीपीएससीएल/एमएम/23-24/पेपर एडीवीटी./001/833 दिनांक: 15/04/2024

| क्र | एनआईटी सं./तारीख | विवरण | बीओडी एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | बीपीएससीएल/एमएम/23-24/पीयूआर-236/एनआईटी-001 दिनांक: 08/04/2024 | रोलर/आइडलर्स की खरीददारी | 07/05/2024 को 12.15 बजे |
| 2 | बीपीएससीएल/एमएम/23-24/पीयूआर-185/एनआईटी-003 दिनांक: 13/04/2024 | कॉर्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) गैस लीकेज वार्निंग सिस्टम एवं डाटा लॉगिंग सिस्टम की खरीददारी | 14/05/2024 को 12.15 बजे |
| 3 | बीपीएससीएल/एमएम/23-24/पीयूआर-171/एनआईटी-004 दिनांक: 13/04/2024 | रेलवे ट्रैक के लिए उपभोग की वस्तुओं की खरीददारी। | 14/05/2024 को 12.15 बजे |

निविदा दस्तावेज के लिए कृपया वेबसाइट: www.bpscl.com देखें। बोलीदाताओं से नियमित रूप से वेबसाइट देखने का अनुरोध किया जाता है।

**CAUTION NOTICE**

SECURITAS®

Our client, **Securitas A.B,** of Lindhagensplan 7010228 Stockholm, Sweden, is the right holder and registered proprietor of the **SECURITAS** trademark in India. Founded in 1934, our client is one of the largest providers of Security Services in the world, offering specialized guarding, mobile services, monitoring, consulting and investigations, and technology solutions. In India, the **SECURITAS** brand has been present since 1989, initially through Group 4 Securitas (now G4S Plc.) and then as **Securitas India.**

In India, our client is a registered proprietor of the **SECURITAS** trademark since 3rd October 2005.

Our client has diligently protected the reputation of its **SECURITAS** brand and enforced its trademark rights at all times and has taken actions against infringement and misuse of its **SECURITAS** trademark before appropriate fora.

All concerned are hereby alerted that certain entities are using our client's registered **SECURITAS** trademark in respect of security and allied services, without our client's authorization. Such unauthorized and misleading use of **'SECURITAS'** as a trade name and / or trademark by these entities wrongfully suggests their association with our client. These companies are infringing and misappropriating our client's **SECURITAS** trademark, and wrongfully representing and passing-off their business, products and services as that of our client. Our client proclaims that it has no connection whatsoever with these concerns and must not be held liable for any irregular and illegal acts or damage / loss caused by these concerns. All are requested to bring to the notice of our client such illegal acts and inducement of which they are aware.

By
Fidus Law Chambers
Noida

SECURITAS AB

**सिडबी**
**भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक**
**जेम (GeM) निविदा सूचना**

सिडबी, निम्नलिखित हेतु पात्र प्रदाताओं को जेम पोर्टल में बोलियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है

| निविदा विवरण | जेम निविदा संदर्भ संख्या |
|---|---|
| व्यापक आईटी वास्तुकला और सुरक्षा मूल्यांकन के संचालन के लिए सलाहकार की नियुक्ति | GEM/2024/B/ 4821988 |

विस्तृत निविदा दस्तावेज के लिए कृपया GeM Portal (gem.gov.in) या www.sidbi.in पर हमारी वेबसाइट देखें। परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उपर्युक्त वेबसाइटों में प्रकाशित किया जाएगा।

**फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड** — **कब्जा सूचना**
Phoenix ARC
पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल। वॉलेस टावर्स (पूर्व में शिव बिल्डिंग के नाम से ज्ञात)। 139/140/बी/1। सहार रोड तथा वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे का क्रॉसिंग। विले पार्ले (ई), मुम्बई - 400 057

जबकि **फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड (फीनिक्स ट्रस्ट एफवाई 23–10 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत) (फीनिक्स)** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें संबंधित कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरोंसे उक्त सूचनाओं में वर्णित राशि उसकी प्राप्ति की तिथि से 60 (साठ) दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उक्त कर्जदार, सह–कर्जदार, गारंटर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरों तथा जन साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा सूचनाओं में वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है। एतद्द्वारा कर्जदार, सह–कर्जदार, गारंटर को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार **फीनिक्स** की उपरोक्त बकाया राशि और उस पर संबंधित तिथि से भावी ब्याज, लागतों और प्रभारों के अधीन होगा।

कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरों, बंधक सम्पत्तियों का विवरण, ट्रस्ट का नाम, बकाया राशियां, धारा 13(2) के तहत प्रेषित मांग सूचनाएं तथा दावित बकाया राशियां यहां नीचे दिए अनुसार हैं :

| कर्जदार, सह–कर्जदार का नाम और पता, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि | प्रतिभूतियों का विवरण | 1. मांग सूचना तिथि, 2. भौतिक कब्जा की तिथि, 3. बकाया राशि रू. में |
|---|---|---|
| 1. **सुरेन्द्र कुमार यादव** मकान नंबर 01, सर्वे नंबर 43/2 का भाग, रकबा 0.100 पार्ट प्लॉट एरिया 2000 वर्ग फीट, ग्राम सेमराकलां, तहसील बेरासिया एवं जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) बेरासिया पिन 463106<br>2. **पुनिया बाई** ग्राम सेमराकलां, तहसील बेरासिया भोपाल (मध्य प्रदेश) पिन 462101<br>**ऋण खाता संख्या : HF/0197/H/19/100118**<br>**स्वीकृत ऋण राशि : रू. 20,00,000 (रूपए बीस लाख मात्र)** | **बंधक सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :** एक फ्रीहोल्ड आवासीय मकान, प्लॉट एरिया 2000 वर्ग फीट, भू राजस्व सर्वे नंबर 43/2 का भाग, रकबा 0.100 हेक्ट. जो ग्राम सेमराकलां, तहसील बेरसिया, जिला भोपाल में स्थित है। **चौहद्दी : पूरब :** विक्रेता की शेष भूमि, **पश्चिम :** रोड रास्ता, **उत्तर :** विक्रेता की शेष भूमि, **दक्षिण :** रास्ता रोड | **1. मांग सूचना तिथि – 22–06–2022**<br>**2. भौतिक कब्जा की तिथि – 12–04–2024**<br>**3. बकाया राशि रू. में – रू. 21,63,580.96** (रूपए इक्कीस लाख तिरेसठ हजार पांच सौ अस्सी तथा पैसे छियानवे मात्र) **22–06–2022** तक बकाया और देय आगे पूर्ण भुगतान तक **09.72** प्रतिशत वार्षिक ब्याज, लागतों और प्रभारों सहित। |

स्थान : भोपाल
तिथि : 17–04–2024
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड (फीनिक्स ट्रस्ट एफवाई 23–10 की ट्रस्टी)

**भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड**
**CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
कॉनकॉर CONCOR
एनएसआईसी नई एमडीबीपी बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, ओखला इंडस्ट्रीयल एस्टेट (एनएसआईसी ओखला मेट्रो स्टेशन के सामने), नई दिल्ली–110020
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

डीसीटी फतुहा, बिहार में 100 मीट्रिक टन क्षमता, प्लेटफार्म आकार 18x3 मीटर के 01 पिटलेस पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक लॉरी वेब्रिज की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण के लिए एकल बोली प्रणाली में ऑनलाइन ओपन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | CON/TECH/WB/100MT/DCT/FATUHA/2024, दिनांक 17.04.2024 |
| अनुमानित लागत | ₹ 21,18,100/– जीएसटी सहित |
| धरोहर जमा राशि (ई.एम.डी.) | ₹ 42,362/– |
| निविदा दस्तावेज़ का मूल्य | ₹ 1000/– जीएसटी सहित ई–भुगतान के माध्यम से |
| निविदा प्रसंस्करण शुल्क | ₹ 1249.68 जीएसटी सहित ई–भुगतान के माध्यम से |
| निविदा बिक्री की तिथि एवं समय | 17.04.2024 को 15:00 बजे से 02.05.2024 को 16:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.05.2024 को 18:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 03.05.2024 को 12:00 बजे |

विस्तृत जानकारी और किसी भी शुद्धिपत्र के लिए कृपया www.tenderwizard.com/CCIL पर लॉग ऑन करें।
समूह महाप्रबंधक/पी एवं एस/क्षेत्र–IV

**शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 501, सालकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : यू65900डीएल2020पीएलसी366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के निम्नवर्णित कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिया गया स्वर्ण ऋण, उनसे बार बार मांग किए जाने और सूचनाएं, जिसमें बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत सूचनाएं शामिल हैं, जारी किए जाने के बावजूद, समायोजित नहीं किए गए हैं। एतद्द्वारा सभी कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक में प्रतिभूति के रूप में रखे गए स्वर्ण आभूषण नीलाम करने का निर्णय किया गया है और तदनुसार नीलामी की तिथि **29–04–2024** तथा समय **अप. 03.00 बजे** नियत किया गया है और नीलामी उस शाखा परिसर में की जाएगी जहां से ऋण प्राप्त किया गया था। कर्जदारों, खाता धारकों सहित सर्वजन और सर्वसाधारण इस नीलामी में नीलामी के नियम एवं शर्तों के अनुसार भाग ले सकते हैं। नीलामी 29–04–2024 को अप. 03.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक https://egold.auctiontiger.net पर ऑनलाइन संचालित की जाएगी।

| शाखा | खाता संख्या | खाता धारक का नाम | पिता/पति/पत्नी का नाम | पता | खाता खोलने की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्दौर | 101041514743 | सीमा शर्मा | पुत्री बनवारी लाल शर्मा | 325 जग जीवन राम नगर, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452011 | 28/02/2023 | 250,388.88 |
| इन्दौर | 101042519112 | जितेन्द्र कुशवाह | पुत्र बहादुर सिंह | 820, कृष्ण बाग सेक्टर मेन, प्रेस कॉम्प्लेक्स के पीछे, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452010 | 29/11/2023 | 65,077.70 |
| इन्दौर | 101042513174 | आनंद | पुत्र भेरूजी साल्वे | मकान नंबर 157, पटनीपुरा, शिव मंदिर के पास, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452001 | 24/01/2023 | 93,076.92 |
| इन्दौर | 101042513729 | आनंद | पुत्र भेरूजी साल्वे | मकान नंबर 157, पटनीपुरा, शिव मंदिर के पास, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452001 | 15/02/2023 | 213,390.31 |
| इन्दौर | 101042513621 | आनंद | पुत्र भेरूजी साल्वे | मकान नंबर 157, पटनीपुरा, शिव मंदिर के पास, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452001 | 10/02/2023 | 154,460.57 |
| गाजियाबाद | 101542512753 | अशोक के चौबे | पुत्र मूल चन्द्र चौबे | वार्ड नंबर 07, पुरानी गल्ला मंडी, हरपालपुर, हरपालपुर, छतरपुर, मध्य प्रदेश–471111 | 18/11/2023 | 116155.0238 |
| इन्दौर | 101042519304 | राघव गुर्जर | पुत्र राजा सिंह गुर्जर | मकान नंबर 1 1, विजय नगर, गली गुर्जर, विजय नगर पुलिस लाइन, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452010 | 09/12/2023 | 153,507.47 |

**नीलामी की तिथि 29-04-2024@अप.03.00 बजे है**

बैंक का, कोई पूर्व सूचना दिए बिना, नीलामी से कोई भी खाता हटाने या नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — **बिक्री सूचना**
Mahindra HOME FINANCE
**कार्पोरेट कार्यालय :–** महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570 पी.बी. मार्ग, वर्ली, मुम्बई–400018, भारत, **फोन :** +91 22 66523500 **फैक्स :** + 91 22 24972741
**आंचलिक कार्यालय :–** महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रथम तल, सिया हाइट्स, निकट बागसेवनिया मार्किट, राजा भोज कॉम्प्लेक्स के पीछे, प्लॉट नंबर 11, तुलसी विहार कालोनी, बाग मुगलिया, भोपाल (मध्य प्रदेश) –462043

**अचल सम्पत्तियों की नीलामी–सह–बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्ति सार्वजनिक नीलामी माध्यम से बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :

| कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाताओं का नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य ईएमडी | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. शाखा –भोपाल<br>कर्जदार : विकान्त चौरसिया<br>सह–कर्जदार : अंजना चौरसिया<br>सह–कर्जदार : अखिलेश चौरसिया<br>एलएएन : XSEMBHO00551570 | 25–08–2022<br>रू. 3,70,671/–<br>(रूपए तीन लाख सत्तर हजार छह सौ इकहत्तर मात्र) | 24–11–2022 | प्लॉट नंबर 43, केएच नंबर 168/2, ग्राम अवंतीपुरा, जिला सिहोर, मध्य प्रदेश–466001, चौहद्दी : पूरब : अन्य, पश्चिम : रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 42, दक्षिण : प्लॉट नंबर 44 | रू. 35,000/–<br>ईएमडी : रू. 5,000/–<br>29–04–2024 | 26–04–2024 | 01–05–2024 |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindraruralhousingfinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री, नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत होगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी श्री हिमांशु ओझा से 8750558544 पर सम्पर्क करें। निर्धारित निविदा प्रपत्र में सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 29–04–2024 है। समुचित रूप से नहीं भरी गई निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी और तदनुसार अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 29–04–2024 पूर्वा. 11.00 बजे है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 26–04–2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजेतक है।
7. कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर प्राप्त की गई ऑफर स्वीकार कर ली जाएगी तथा अचल सम्पत्ति नीलाम कर दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, ब्याज और लागतों सहित वसूल की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की पूरी बकाया राशि बिक्री की तिथि से पहले चुका देता है तो नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : सिहोर, मध्य प्रदेश तिथि : 17–04–2024
हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

**भोपाल संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं